तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 29 जून 2024



10 निजीकरण के खिलाफ लामबंद होना जरूरी





11 समाधान शिविर में 114 लोग शिकायत लेकर पहुंचे




## शहर में आज

- पुलिस नशे को लेकर युवाओं को करेगी जागरूक
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- डीसी लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनेंगे समस्याएं

## बिजली कट

- सुबह 8 से 10 बजे तक सेक्टर-1, सेक्टर-2, तिलक नगर, शिला बाईपास, एचटीएल, वाटर वर्क्स, तिलयार फीडर, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-2-3 मार्केट, माइक्रोन इंडस्ट्री में बिजली बाधित रहेगी

## मिशन एडमिशन

# उच्चतर शिक्षा विभाग ने किया शेड्यूल में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ उच्चतर शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों को पत्र भेजकर सूचित किया

उच्चतर शिक्षा विभाग ने यूजी में दाखिलों के शैड्यूल में बदलाव किया है। आवेदन करने की आखिरी तिथि 30 जून तक बढ़ाने के बाद अब पहली मेरिट लिस्ट की तारीख में भी बदलवा कर दिया गया है। यूजी की पहली मेरिट प्रोवीजनल लिस्ट 4 जुलाई को जारी की जाएगी। वहीं फाइनल मेरिट सूची 5 जुलाई को आएगी। इस बारे में उच्चतर शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों को पत्र भेजकर सूचित कर दिया है। इतना ही नहीं ऑनलाइन दस्तावेजों की जांच की आखिरी तिथि को भी बढ़ाकर 2 जुलाई कर दिया गया है। इससे पहले 28 जून दस्तावेजों की जांच की आखिरी तारीख थी। पहली मेरिट लिस्ट में जिन

# 4 को आएगी यूजी की पहली मेरिट लिस्ट, विद्यार्थी नौ तक जमा करवा सकेंगे फीस, ओपन काउंसलिंग 16 को





विद्यार्थियों का नाम आएगा वह छात्र 9 जुलाई तक फीस जमा करवा कर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाएंगे। 5 जुलाई से फीस जमा होनी शुरू हो जाएगी। वहीं दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी की जाएगी। ये लिस्ट प्रोवीजनल होगी अगर इसमें कुछ बदलाव किया गया तो फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को आएगी। इसके आधार पर विद्यार्थी 11 जुलाई से 13 जुलाई तक फीस जमा करवाएंगे। सरकारी महाविद्यालयों में फीस ऑनलाइन जमा होगी।

### 17 जुलाई को दोबारा खुलेगा पोर्टल

17 जुलाई को दाखिलों के लिए आवेदन करने के लिए पोर्टल दोबारा खुलेगा। यहां ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने किसी कारण वश 30 जून तक दाखिले के लिए आवेदन नहीं किया था। 23 जुलाई तक लेट फीस 100 रूपये के साथ ओपन काउंसलिंग जारी रहेगी। इसके बाद 24 जुलाई से 30 जुलाई तक 100 रूपये लेट फीस और 100 रूपये प्रतिदिन लेट फीस के साथ शेष सीट पर ओपन काउंसलिंग जारी रहेगी। वहीं पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम नहीं आएगा, ऐसे छात्र 16 जुलाई को ओपन काउंलिंग में भाग लेंगे। यहां शेष बची सीट पर दाखिला प्रक्रिया होगी। यहां भी दाखिला मेरिट के आधार पर ही होगा।

### विद्यार्थी एक तक फार्म करें एडिट

जिन विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच पूरी नहीं हुई है ऐसे विद्यार्थी अगर अपने फार्म में किसी प्रकार की खामी को दूर करना चाहते हैं तो वह एडिट ऑप्शन में जाकर ऐसा कर सकते हैं। एडिट विकल्प चुनने के बाद विद्यार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। जिसके बाद छात्र फार्म में किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थियों को मौका नहीं मिलेगा।


■ खंभों पर नीचे लटक रहे बिजली मीटर ■ नंगे तार से खतरा ■ मार्केट में कई बार लग चुकी आग

# बारूद के ढेर पर शौरी मार्केट गहरी नींद में सरकारी अमला

**बाजार में कपड़े की 1500 से ज्यादा दुकानें डर के साये में जी रहे व्यापारी**







मार्केट का हाल...


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की शौरी मार्केट बारूद के ढेर पर है। हर गली में नीचे लटकते बिजली के तार, बिना कवर किए गए बिजली मीटर, तारों का जाल हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। खम्बों पर लगाए गए मीटर और तार बाजार की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि कई जगह खंभों पर बिजली के तारों का जाल फैला हुआ है। इनमें आए दिन स्पार्किंग होती रहती है, जिससे हादसे का डर बना हुआ है। मानसून में इनमें करंट आने की भी आशंका रहती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। बाजारों में हर रोज हजारों की संख्या में ग्राहक आते हैं। बेहद संकरे बाजारों में एक चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### मानसून सिर पर

बाजार में 15 सौ से अधिक दुकानें हैं। इससे व्यापारियों में रोष बना हुआ है। मानसून सक्रिय होने में कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन बिजली निगम के अफसरों के पास तारों व जर्जर पोल के मेंटेनेंस के लिए कोई ठोस प्लान नहीं हैं। दुकानदारों ने बिजली निगम की ओर से समय पर मरम्मत न कराने के प्रति नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा हादसा हो सकता है।

### तार को अंडरग्राउंड करवाएं निगम



प्रशासन की लापरवाही की वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। पूरी शोरी मार्केट बारूद के ढेर पर है और डिपार्टमेंट आंखें मूंद कर बैठा है। दिनभर भारी तादाद में लोग मौजूद होते हैं। नीचे लटके मीटर और तारों की वजह से कभी भी कोई चिंगारी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती है, जिससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। बिजली निगम के अधिकारियों को इस समस्या पर संज्ञान लेना चाहिए और मीटर कवर करते हुए उंचाई पर लगवाने चाहिए और तारों को अंडरग्राउंड करवाना चाहिए।

-गुलशन ईशपुनियानी, प्रधान शोरी मार्केट रोहतक

### हादसा होने का खतरा



बाजारों में व्यापारी और दुकानदार तारों के जाल से उठने वाली चिंगारी से भयभीत रहते हैं। तार जमीन को छू रहे हैं, बिजली मीटर हवा में लटक रहे हैं। जिसकी वजह से हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। इसके अलावा आसपास स्थित मकानों में भी हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

-आसिम, दुकानदार

### नीचे लटक रहे बिजली मीटर



बिजली निगम के कर्मचारी हर दो माह में मीटर से रीडिंग लेने आते हैं। क्या उन्हें नहीं पता कि मीटरों की हालत कैसी हो गई है। मीटर नीचे लटके हुए हैं। बिजली की नंगी तारें हैं जिनकी वजह से बाजार में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

-ईश्वर आहुजा, दुकानदार

### नहीं हो रही सुनवाई



हम कई साल से इस मामले को उठा रहे हैं। कई बार बिजली निगम को शिकायतें की गई हैं। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते रहते है।

मुकंद लाल, दुकानदार

### जर्जर हो चुके बिजली के पोल जल्द मरम्मत करवाए निगम



बाजार में खम्बों पर तारों का जाल बना हुआ है। बिजली निगम को जर्जर पोल व अव्यवस्थित तारों की मरम्मत करवानी चाहिए। उनकी लापरवाही से कोई बात हो गई तो कौन जिम्मेदार होगा। समस्या का जल्द समाधान होना चाहिए। निगम के अधिकारी आश्वासन देने के अलावा कोई काम नहीं करते। शहर के सबसे बड़ी मार्केट में हमेशा खतरा बना रहता है।

-प्रेम प्रकाश, दुकानदार

### बाजार में एक चिंगारी निकलने से हो सकता है बड़ा हादसा



शौरी मार्केट में जगह-जगह तार लटक रहे हैं। व्यापारी समस्या लेकर आते हैं तो एसडीओ से कहकर समस्या का निस्तारण किया जाता है। कपड़ा बाजार में एक चिंगारी गिरते ही बड़ा हादसा हो सकता है। यहां रोजाना हजारों ग्राहक आते हैं।

-संजय परुथी, दुकानदार

# पीजीआईएमएस देश का 27वां सबसे बेहतर संस्थान

**इंडिया टुडे ने करवाया था सर्वे**

**रोहतक।** पीजीआईएमएस रोहतक के चिकित्सकों के लिए बहुत बड़ी खुशी की खबर है। संस्थान में छात्रों को दी जा रही उच्च गुणवता की शिक्षा के चलते पीजीआईएमएस पूरे देश के छात्रों की 27वीं पसंद बना है। एक मैग्जीन द्वारा एमडीआरए से करवाए गए सर्वे में पूरे देश के मेडिकल कालेजों में 27वां रैंक मिला है। इसके चलते संस्थान के चिकित्सकों मे खुशी की लहर है। कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, कुलसचिव डॉ.एच.के. अग्रवाल ने फैकल्टी व स्टाफ को उनके समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें और अधिक मेहनत करके खुद को पहले दस मेडिकल कालेजों में शुमार करना चाहिए।

पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ.एस.एस. लोहचब ने बताया कि पहली बार गत वर्ष इस मैग्जीन इंडिया टूडे के सर्वे में पीजीआईएमएस को 29वां स्थान मिला था और इस वर्ष इसमें बढ़ोतरी होते हुए 27वां रैंक मिला है। उन्होने कहा कि यह भी अपनी आप में एक बडी उपलब्धि है कि संस्थान को पूरे देश के 700 से अधिक मेडिकल कालेजों में 27वां रैंक मिला है। डॉ. लोहचब ने कहा कि उनकी टीम का प्रयास रहता है कि यहां उत्कृष्ट नैदानिक सामग्री, उच्च गुणवत्ता के अनुसंधान, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और विश्व स्तर की बुनियादी सुविधा छात्रों की दी जाए।

### महम आईटीआई में शिक्षुता एवं रोजगार मेला एक को

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में 1 जुलाई को सुबह 9 बजे शिक्षुता एवं रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में कई नामी कंपनियां साक्षात्कार लेने के लिए पहुंच रही हैं। रोजगार मेले में इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, मकैनिक आरएसी, इलेक्ट्रोनिक्स मकैनिक आदि ट्रेड के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल प्रमाण पत्र, चार पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और रेज्यूम साथ लेकर पहुंचें।

## खबर संक्षेप

### सूर्या कॉलोनी की महिला से धोखाधड़ी, केस दर्ज

रोहतक। हिसार बाईपास सूर्या कॉलोनी एक महिला से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित रितु ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जून को इंस्टाग्राम पर रील देखते समय उसें सामने पार्ट टाइम अमेजन का वीडियो आया था। फिर वीडियो देख के उसमें क्लिक किया तो वाट्सअप पर मैसेज आया और फिर एक टेलीग्राम का लिंक मिला, जब उसने फिल लिंक पर क्लिक कियो तो वह ग्रुप में एड हो गई। इसके बाद रिचार्ज करने के लिए कहा गया और 100 और फिर 500 रुपये के रिचार्ज किया। फिर उन्होंने टास्क देना शुरू कर दिया। इस तरह कई बार में टास्क दिया गया और 85 हजार 803 रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेते से मिट्टी उठाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**रोहतक।** गांव रिठाल नरवाल में एक परिवार का खेते से मिट्टी उठाने को लेकर विवाद हो गया। घिलौड़ पुलिस चौकी ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। कीर्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 जून को सुबह करीब 10 बजे मैं, मेरी बहन आरती व सास कृष्णा पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत में गए हुए थे। इसके बाद जब मिट्टी उठाने लगे तो पड़ोसी ने कहासुनी शुरू कर और फिर बात मारपीट आ गई। इसके बाद हमारी लाठी-डांडों से पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। फिर अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर जीतू, प्रीति व मोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर जाचं शुरू कर दी है।

### जांच अधिकारी पर दबाव बनाने का आरोप

**रोहतक।** शहर में एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने थाने में युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। आरोप है कि जांच के दौरान जांच अधिकरी ने युवती के पिता पर फैसला करने का दबाव बनाया है। शुक्रवार को युवती के पिता ने जांच अधिकारी को बदलकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। युवती के पिता ने शिकायत में बताया कि 7 जून को पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया था। लेकिन उसके बाद भी अभी तक युवक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसके बाद 20 जून को जांच अधिकारी ने हमें थाने में बुलाया और समझौता करने के लिए दबाव बनाया। युवती के पिता ने एसपी से जांच अधिकारी को बदलकर केस की जांच करवाने की मांग की है।

# मदवि के 66 पाठ्यक्रमों की 3210 सीट कल तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम में सत्र 2024-25 में स्नातकोत्तर (पीजी), एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय तथा बीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। एमडीयू के निदेशक जनसम्पर्क सुनित मुखर्जी ने बताया कि पीजी, एलएलबी तथा बीपीएड के 66 पाठ्यक्रमों की लगभग 3210 सीट पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी 30 जून तक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।





### प्रवेश परीक्षा से दाखिला

एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। इस बार तीन नए पीजी पाठ्यक्रम-एमए हिन्दू स्टडीज, एमबीए बिजनेस साइकोलॉजी तथा एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग प्रारंभ किए हैं। एमए हिन्दू स्टडीज में 30 , एमबीए बिजनेस साइकोलॉजी में 60 तथा एमए-गाइडेंस एंड काउंसलिंग में 30 सीट हैं। विश्वविद्यालय प्रवक्ता सुनित मुखर्जी के मुताबिक एमडीयू के यूटीडी में संचालित पाठ्यक्रमों- एमए-एजुकेशन में 30 , एमएड में 50 , एमपीएड में 40 , बीपीएड में 100 , एमए अंग्रेजी में 60 , एमए हिन्दी में 60 , एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार में 40 , एमए संस्कृत में 75 , एमए संगीत वोकल में 15 , एमए म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार में 15 , एमए फाइन आर्ट्स ड्राइंग एंड पेंटिंग में 15 , एमए योगा साइंस में 50 , एमए डिफेंस एंड स्ट्रेटिजिक स्टडीज में 50 , एमए इकोनोमिक्स में 60 , एमए ज्योग्राफी में 50 , एमए हिस्ट्री में 70 , एम.लिब एंड इंफोर्मेशन साइंस में 45 , एमए. पॉलिटिकल साइंस में 60 , एमए साइकोलोजी में 40 , एमए लोक प्रशासन में 50 , एमए सोशियोलोजी में 50 , एमएससी फोरेंसिक साइंस में 25 , एलएलबीए आनर्स तीन वर्षीय में 120, एलएलएम में 30 , एलएलएम एसएफएस में 60 उपलब्ध हैं।

### एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 24 सीटें

प्रवक्ता के अनुसार एमटेक बायोटेक्नोलॉजी में 18 , एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 24 , एमटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग) में 24 , एमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 18 , एमटेक मैन्युफैक्चरिंग एंड ऑटोमेशन में 24 , एमटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 24 , एमटेक स्ट्रैक्चरल इंजीनियरिंग में 24 , एमटेक पॉवर सिस्टम्स में 24 सीट पर दाखिले होंगे। एमडीयू-सीपीएएस गुरूग्राम में एमबीए में 180, एमबीए एग्जीक्यूटिव इवनिंग में 30 , एलएलबी आनर्स तीन वर्षीय में 120 , एलएलएम शिफ्ट एक में 45 तथा एलएलएम शिफ्ट दो में 45 सीट उपलब्ध हैं। निदेशक जनसम्पर्क सुनित मुखर्जी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्ट्स से प्राप्त की जा सकती हैं।

### इन विभागों में इतनी-इतनी सीटें

यूनिवर्सिटी के जन संपर्क निदेशक सुनित मुखर्जी ने बताया कि एमएससी-बायोइंफोर्मेटिक्स में 20 , बायोटैक्नोलोजी में 20 , एग्रीकल्चर बायोटैक्नोलोजी में 20 , मेडिकल बायोटैक्नोलोजी में 30 , बायोकैमिस्ट्री में 40 , बॉटनी में 40 , एनवायरमेंटल साइंसेज में 35, इनवायरमेंटल बायोटेक्नोलॉजी में 20, फूड टैक्नोलोजी में 20 , जेनेटिक्स में 30 , माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी में 20 , माइक्रोबायोलोजी में 25 , जूलोजी में 40 , मास्टर ऑफ होटल मैनजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलोजी में 30 , मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट में 40 , एमबीए में 180 , एम.कॉम में 60 , एम.फार्मेसी-इंडस्ट्रीयल फार्मेसी में 10 , फार्मास्यूटिकल कैमिस्ट्री में 15 , फार्माकोगनोसी में 10 , ड्रग रेगुलेटरी अफेयर्स में 10 , एमएससी कैमिस्ट्री में 90 , एमसीए में 60 , एमएससी-कंप्यूटर साइंस में 40 , एमएससी कंप्यूटर साइंस-डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग में 40 , एमटेक कंप्यूटर साइंस में 30 , एमएससी गणित में 60 , एमएससी गणित एफएफएस में 120 , एमएससी फिजिक्स में 60 , एमएससी स्टैटिसटिक्स में 50 सीटे उपलब्ध हैं।

# जनता कॉलोनी में घरेलू कलह से तंग युवक ने फंदा लगाया

**रोहतक।** घरेलू कलह के चलते जनता कॉलोनी में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक का शव गेट की चौखट पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई डेड हाउस भेज दिया। बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद युवक ने यह कदम उठाया। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी करीब 25 वर्षीय निलेश के रूप में हुई, जो फिलहाल जनता कॉलोनी स्थित विकास धर्मशाला के पास किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। शुक्रवार को किराए के मकान के गेट की चौखट पर युवक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पत्नी के साथ कहासुनी होने पर युवक ने यह कदम उठाया।



**रोहतक।** घटना की जानकारी मिलने पर जमा भीड़

### पिछले दो दिन से चल रही थी कहासुनी

पुलिस के अनुसार पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर पिछले दो दिनों से कहासुनी व झगड़ा चल रहा था। झगड़े के कारण दोनों में मन-मुटाव भी हो रखा था। इसी कारण रात को उसकी पत्नी घर से कहीं चली गई। पत्नी के जाने के बाद पीछे से निलेश ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में गहनता के साथ जांच कर रही है और परिजनों के बयान के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दुकान से नोटों से भरा थैला उठा ले गए चोर

**महम।** कस्बा महम के आजाद चौक में कन्हैया नाम का दुकानदार एक तख्त लगाकर नोटों की माला बनाकर उन्हें बेचने का काम करता है। शुक्रवार को तीन युवक नोटों की माला लेने के लिए उसकी ऑपन दुकान पर पहुंचे। वे अलग अलग तरह के छोटे बड़े नोटों की माला दिखाने के लिए दुकानदार कन्हैया को कहते रहे। वह उन्हें अलग अलग मालाएं दिखाता रहा। इस दौरान तीसरा युवक उसके गल्ले के पास रखा नोटों का थैला लेकर वहां से चला गया। उसके बाद दोनों अन्य युवक भी चले गए। दुकानदार का कहना है कि थैले में 40 हजार रुपए रखे हुए थे। दुकानदार को आशंका है कि उनमें से एक युवक एक सप्ताह पहले भी चकमा देकर उसके पास से दस दस हजार रुपए की नोटों की दो गड्डियां ले गया था। यह चोर गिरोह एक सप्ताह में 60 हजार रुपए चोरी कर चुका है। दुकानदार ने इसकी शिकायत महम शहर पुलिस चौकी में दी है। पुलिस को युवकों की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दी है। जिसमें वे थैले को ले जाते और चलते चलते कपड़े बदलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### पीजीआई में आविष्कारों के पेटेंट पर व्याख्यान

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा "आविष्कारों की पेटेंटेबिलिटी और गैर-पेटेंटेबिलिटी" विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक एम आर यू की नोडल अधिकारी व बायोकैमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर सिम्मि ख़रब रही। इस कार्यक्रम का आयोजन 28 जून 2024 को मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट में किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत डॉ रवीना ने कार्यक्रम में जुड़े प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए की इसके बाद डॉक्टर गजेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत पेटेंटेबिलिटी और गैर-पेटेंटेबिलिटी के महत्व बताते हुए की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर एस एस लोहचब रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के व्याख्यानों से संस्थान के चिकित्सकों ,छात्रों और प्रयोगशाला स्टाफ़ को काफी जानकारी मिलती है।

### आईएमडी ने 4 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का जारी किया अलर्ट

# मानसून के बीच हिमाचल की वादियों में साहसिक करतब दिखा रहीं एमडीयू की छात्राएं, गत वर्ष प्राकृतिक आपदा में फंसे थे विद्यार्थी

- प्रदेश का 64 सदस्यीय दल हिमाचल प्रदेश में भ्रमण पर

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

इस समय हिमाचल प्रदेश में मानसूनी बारिश हो रही है। बरसात के बीच महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की 10 एनएसएस वालंटियर्स लाहौल स्पीति की वादियों में साहसिक कार्यों के कुलांचे भर रही हैं। गत वर्ष इसी मौसम में एमडीयू के छात्र हिमाचल गए हुए थे और प्राकृतिक आपदा में फंसे थे।

मौसम विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट शुक्रवार को जारी किया गया है। इसको लेकर एमडीयू प्रशासन सचेत हो गया है। विश्वविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. सविता राठी ने छात्राओं और उनकी इंचार्ज से शुक्रवार देर शाम को बात की। इन्होंने मौसम को देखते हुए विशेष एतिहयात बरतने के निर्देश दिए।ध्यान रहे कि गत 24 जून को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दस छात्राओं का दल साहसिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के लिए रवाना हुआ था। दल को यहां 4 जुलाई तक रूकना है। शिविर में यूटीडी व संबद्ध महाविद्यालयों की 10 एनएसएस गर्ल्स वालंटियर्स राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मनीषा बेदी के नेतृत्व में भाग ले रही हैं। इसी बीच बीते 24 से 48 घंटे में हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात हो रही है और ये सिलसिला 4 जुलाई तक जारी रहने की जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दी गई है।

#### यूनिवर्सिटी लगातार संपर्क में

गत वर्ष की घटना से सबक लेते हुए यूनिवर्सिटी इस बार पूरी तरह से सतर्क है। हर सुबह-शाम यूनिवर्सिटी की एनएसएस कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. सविता राठी छात्राओं और उनकी इंचार्ज से संपर्क करती हैं। कोई समस्या है तो उसका निवारण भी किया जाता है। लड़कियों को लाहौल स्पीति गए शुक्रवार को पांच दिन हो चुके हैं। लेकिन आज तक कोई समस्या एनएनएस सेविकाओं को सामने नहीं आई है।

#### ये मौसम है लाहौल स्पीति का

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के कई भागों में आज से लगातार सात दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अलर्ट के बीच हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में शुक्रवार शाम करीब 4:00 फिर झमाझम बारिश शुरू हुई। वीरवार रात भी यहां भारी बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश से शहर में जगह-जगह भूस्खलन से नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के कई भागों में आज से लगातार सात दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही अंधड़ चलने का अलर्ट है। गुरुवार को कई जगहों पर बारिश हुई। जिसमें सबसे कम न्यूनतम तापमान लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में 7.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मौसम विभाग ने अगले छह दिनों यानि के 4 जुलाई तक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। विभाग के अनुसार अगले 72 घंटों में बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन में भारी बारिश की संभावना है।



#### छह विवि की छात्राएं दल में शामिल

लाहौल स्पीति के कैंप में एमडीयू के अलावा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार, चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी और इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मीरपुर रेवाड़ी की एनएनएस छात्राएं खेल गतिविधियों समेत दूसरे सामाजिक कार्यों में भाग लेकर 4 जुलाई को लौटेंगी। प्रत्येक यूनिवर्सिटी से 10-10 छात्राएं उनकी इंचार्ज शामिल हैं। कुल मिलाकर इस समय प्रदेश का 64 सदस्यीय दल हिमाचल प्रदेश में भ्रमण पर है।



# एनएचएम कर्मियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- 7 जुलाई को करनाल में सीएम आवास का घेराव करेगा संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एनएचएम कर्मचारियों ने डीसी अजय कुमार से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सरकार की उदासीनता व कर्मचारी विरोधी निर्णयों के चलते संगठन ने 7 जुलाई को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है।

एनएचएम जिला प्रधान अंकित फौगाट ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा की लंबित मांगों को लेकर 20 जून से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते अपनी मांगों का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे। एनएचएम कर्मचारियों की 25 वर्षों से दी जा रही सेवाओं को ध्यान में रखते हुए 2013-14 के वित्त वर्ष में दिए दिशा-निर्देश का पालन करते हुए पॉलिसी बनाकर नियमित किया जाए। एनएचएम कर्मचारियों द्वारा एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के नेतृत्व में 2017 से 2022 तक की हड़तालों को ड्यूटी समय मानते हुए वेतन जारी किया जाए। उन्होंने कहा मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए डीसी को ज्ञापन देने आए एनएचएम कर्मचारी।

# ऋण योजना में बैंकों की उपलब्धियों को सराहा

- जिला विकास भवन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को जिला स्तरीय समीक्षा, परामर्शदात्री, जिला स्तरीय सुरक्षा समीति की दिसम्बर 2023 तिमाही से संबंधित बैठक अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा डीआरडीए सभागार जिला विकास भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने की। समीक्षा के दौरान बैंकों में जमा ऋण अनुपात 60 प्रतिशत के न्यूनतम लक्ष्य के बदले 66 प्रतिशत की उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया गया। ऋण वितरण योजना में जिले की उपलब्धियों जिसमें मुख्यत प्राथमिकता क्षेत्र व कृषि ऋण का कुल ऋण से अनुपात 40 प्रतिशत व 18 प्रतिशत के न्यूनतम लक्ष्य के बदले 55 प्रतिशत व 19 प्रतिशत की उपलब्धि रही। वहीं प्राथमिकता क्षेत्र एवं कृषि ऋण के अंतर्गत सभी बैंकों के अधिकारियों से पात्र आवेदकों को ज्यादा मात्रा में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रेरित किया ताकि इन श्रेणियों में ऋण अनुपात को बढ़ाया जाए। अध्यक्ष ने वार्षिक ऋण योजना के तहत वितीय वर्ष 2023-24 के लिए कृषि क्षेत्र के ऋण संवितरण लक्ष्य 2209 करोड़ के सामने 2113 करोड़, जो कि 96 प्रतिशत रहा, प्राथमिकता क्षेत्र में 6644 करोड़ के सामने 8600 करोड़, एमएसएमई के तहत ऋण संवितरण लक्ष्य 2898 करोड़ के सामने 4764 करोड़ जो कि क्रमश 129 प्रतिशत व 164 प्रतिशत है, की प्राप्ति पर सभी बैंक कर्मियों के कार्य की सराहना की गई। विभिन्न विभागों से प्राप्त ऋण आवेदनों के लंबित रहने पर अपनी चिंता व्यक्त की एवं सभी लंबित आवेदनों को 10 दिन के अन्दर निपटाने के निर्देश दिए। इसके बाद कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्तमान सीजन खरीफ 2024 पर विस्तार से चर्चा की गई व मोहित यादव डीडीएम नाबार्ड द्वारा सभी बैंकों को आगामी वित वर्ष 24-25 के लिए वार्षिक ऋण योजना के तहत आवंटित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वर्ष के शुरू से ही आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गयसा।

इस मौके पर अमित सिंह अग्रणी जिला प्रबंधक रोहतक, डीएसपी रवि, मंजीत कुमार एलडीओ, आरबीआई चंडीगढ़, अमित सिंह जाखड़ अग्रणी जिला प्रबंधक रोहतक आदि उपस्थित रहे।



# सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स को कल वितरित होंगे सर्टिफिकेट : डीसी




**रोहतक।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 30 जून को राज्य व जिला स्तर पर पात्र लाभार्थियों को वित्तीय अनुदान सर्टिफिकेट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रोहतक में यह कार्यक्रम जिला विकास भवन के डीआरडीए हॉल में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिला के सभी नए सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स जैसे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विकलांगता पेंशन, विधवा पेंशन, विधुर एवं अविवाहित युवाओं को वित्तीय अनुदान तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत घर की मरम्मत के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले पात्र लाभार्थियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस संदर्भ में राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पानीपत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। इसके साथ-साथ रोहतक सहित सभी अन्य जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय कुमार ने आज कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि रोहतक में यह कार्यक्रम स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिला के सभी सामाजिक योजनाओं के 500 से अधिक लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा सर्टिफिकेट वितरित किये जायेंगे। इस संदर्भ में जिला समाज कल्याण विभाग व कल्याण विभाग लाभार्थियों से संपर्क करके उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी होंगे। अजय कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में एलईडी व वेब लिंक के माध्यम से पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इस संदर्भ में उपायुक्त ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडल अधिकारी आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक, डीडीपीओ राजपाल चहल, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया तथा जिला समाज कल्याण विभाग के उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# निजीकरण के खिलाफ लामबंद होना जरूरी

- हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने दो दिवसीय शिक्षा शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने दो दिवसीय शिक्षा शिविर का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद एवं संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि निजीकरण जैसी नीतियों के खिलाफ रोडवेज कर्मचारियों द्वारा लामबंद होकर आंदोलन की आवश्यकता है।

आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फैडरेशन के राष्ट्रीय सचिव का. जीवन शाह ने मोटर वहिकल एक्ट संशोधन 2020 एवं इसके लागू होने से कर्मचारी व जनता पर इसके क्या प्रभाव होंगे इस पर विस्तार से जानकारी दी। 29 जून को ट्रेड यूनियन कार्यप्रणाली, यूनियन क्यों व किसके लिए विषय पर सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व महासचिव सत्यपाल एवं आज के दौर में संयुक्त संघर्ष का महत्व तथा यूनियन के कार्यों बारे विषय पर चर्चा करेंगे।

राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव सुमेर सिवाच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार श्योराण, जयकुंवार दहिया ने बताया कि शिक्षा शिविर के समापन पर आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर रमेश शयोकद, नरेंद्र सांघा, सतबीर मुंढाल, महिपाल सोढे, राजेश, जयबी, नरेश सिवाच, अनिल फौजी, विजय माजरा, विरेंद्र सिंह, जुबेर खान, दयानंद यादव आदि मौजूद रहे।




**रोहतक।** शिविर को सम्बोधित करते हुए आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फैडरेशन के राष्ट्रीय सचिव का. जीवन शाह ।

## न्यूज डायरी

### सांसद जांगड़ा ने केंद्रीय गृह मंत्री से की मुलाकात



**महम।** राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और हरियाणा प्रदेश को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की और विधानसभा चुनाव के लिए मार्ग दर्शन प्राप्त किया।

### प्राचार्य डॉ. सुभाष व अटेंडेंट नरेश मलिक सेवानिवृत




**रोहतक।** छोटू राम पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. सुभाष दहिया एवं नरेश कुमार मलिक अटेंडेंट सेवानिवृत्त हो गए। प्राचार्य डॉ. सुभाष दहिया ने संस्था में अनेक पदों पर रहे। उनकी कर्मठता, अनुशासन, ईमानदारी सदैव इस पॉलिटेक्निक के लिए मिसाल व प्रेरणा स्रोत रहेगी। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। वहीं अटेंडेंट नरेश कुमार मलिक के कार्यकाल की भी सभी ने सराहना की। संस्था के सभी सदस्यों ने दोनों की सेवानिवृत्ति पर अत्यंत भावपूर्ण तथा भावभीनी विदाई दी। स्टाफ सदस्यों ने उन्हें चांदी का रथ भेंट किया। इस मौके पर राजबीर बुधवार, योगराज छिकारा, प्रवीण कुहाड, राजीव शर्मा, डॉ. सुखबीर, डॉ. नीलम मलिक, डॉ. सितेंद्र पावडिया, प्रवीन दहिया, राजू नांदल, जगबीर बूरा, प्रियंका, ईजा, मनीषा हुड्डा, आशिमा, वजीर नांदल, सरोज आदि उपस्थित रहे।

### कैडेट्स को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया



**रोहतक।** नेकीराम कॉलेज में 29 जून तक चलने वाले सीएटीसी 148 एनसीसी कैंप में एमडीएन विद्यालय के 31 कैडेट्स सहित 580 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। 27 जून को ग्रुप हेड कमांडेंट हेडक्वार्टर एनसीसी रोहतक सेना मेडल गैलंट्री कारगिल वॉर एंड सेवा मेडल से सुशोभित ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेट्स को सैनिकों के साहसिक कार्यों के उदाहरण देकर उन्हें सच्चा देशभक्त और एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। जो व्यक्ति, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, देशभक्ति के कार्य करते हैं, वे ही जीवन की चुनौतियों का डट कर सामना करते हैं। सेकेंड गेस्ट एडम ऑफिसर 1 एचआरबीएन एनसीसी रोहतक कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ ने भी कैडेट्स को सेना की कार्य प्रणाली को समझाया।

# एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन का जन्मदिन मनाया

- शहर में जगह जगह लगाए गए रक्तदान शिविर व भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने एलपीएस बोसार्ड के एमडी एवं समाज सेवी राजेश जैन के 66वें जन्मदिवस पर महावीर पार्क में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उनके जन्मदिन पर भंडारे, पौधरोपण, ब्लड डोनेशन कैंप, हैल्थ चैकअप कैम्प विभिन्न स्थानों पर लगाये गए। राजेश जैन के परिवार द्वारा सेक्टर 1 स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना की गई व सिविल रोड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर सराय मोहल्ला में महाशांतिधारा, पूजा अर्चना की। सुबह से ही राजेश जैन के निवास पर जन्मदिन की बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन महाबीर लाईब्रेरी में किया गया।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर परमानन्द, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, सांपला से कालीदास महाराज, बाबा सुखा शाह, राजेश जैन की पुत्र वधू समृद्धि जैन, पोती स्वास्तिका जैन, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, नरेशानंद ने भगवान महावीर स्वामी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व केक काटकर सिविल रोड स्थित महावीर लाईब्रेरी में राजेश जैन का जन्मदिन मनाया। शिविर में 59 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। समृद्धि जैन ने कहा कि समाज सेवी राजेश जैन हमेशा गरीब व अहसाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। समय समय पर अपने पिता के आर्दशों पर चलते हुए सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। मनीष ग्रोवर ने कहा कि समाजसेवा का जो कार्य राजेश जैन कर रहे हैं, वह एक मिसाल है। इस अवसर पर डॉ. गजेंद्र, रोटरी क्लब सफायर के प्रधान राजीव बेरीवाल, नरेश जैन, सुभाष तायल, रमेश रोहिल्ला, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, विकास दलाल, दिलबाग, नरेश, हिमांशु, रवि, दिनेश, सुमित, सेवा राम, रामदिया, अनिता आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर परमानन्द, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, कालीदास महाराज, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल।



**रोहतक।** महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी महाराज व पुरिधाम परिवार की ओर से शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी एलपीएस बोसॉर्ड के एमडी राजेश जैन का जन्मदिन मनाया गया।

### तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत : सीजेएम

**रोहतक।** सर्वोच्च न्यायालय के स्थापना के 75 वें वर्ष में आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आज सीजेएम अनिल कौशिक ने बताया कि लोक अदालतें देश की न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है, जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया को तेज करके वैकल्पिक तरीके से मुकदमों का निपटारा करती है। इसलिये इस लोक अदालत का आयोजन समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ और कुशल न्याय प्रदान करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीविशेष लोक अदालत में वैवाहिक और संपत्ति विवाद के इलावा मोटर दुर्घटना दावा, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, सेवा और श्रम से संबंधित मामलों सहित निपटान के लायक मामले जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, उनका भी निपटान किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से दिलाई राहत

**सांपला।** शुक्रवार की सुबह इलाके में हुई हल्की बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है। तापमान में गिरावट भी आई। इससे मौसम खुशगवार हो गया है। शाम के समय धूप भी खिली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगे भी बारिश के आसार हैं।

### पॉलिटेक्निकल में होगी निर्माण सामग्री की जांच

**सांपला।** बिल्डिंगों में प्रयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री की जांच अब सांपला पॉलिटेक्निकल कॉलेज में हो सकेगी। कॉलेज में सामग्री की जांच के लिए नए सत्र से लेब चालू कर दी है। प्राचार्य डॉक्टर डक्टर गीता गुलिया ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थी भवनों के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की जांच के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**रोहतक।** कन्हेली रोड स्थित गवर्नमेंट स्कूल में एमटीएफसी संस्था एवं कोर टीम संस्था सदस्य पूजा एवं अनिता द्वारा अपने पिता की सेवानिवृत्ति पर रक्तदान शिविर एवं सेवा मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रधान नरेश ढल ने बताया कि कार्यक्रम 30 जून को होगा। नरेश ढल ने बताया कि ये बेटियां पिछले 15-16 सालों से संस्था में अपनी सेवाएं दे रही हैं। संस्थान से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद स्लम एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है।

# शिविर में आई 141 शिकायतें एडीसी कार्यालय की सर्वाधिक

## नगर निगम कार्यालय से संबंधित 22 शिकायतें मिली, अवैध फैक्ट्री बंद करवाने की मांग




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को समाधान शिविर में 141 शिकायतें आई। इन शिकायतों में अधिकतर शिकायतें अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय की 82 रही, नगर निगम कार्यालय की 22 शिकायतें रही। समाधान शिविर में पुलिस विभाग की 7 शिकायतें, जन स्वास्थ्य विभाग की 4, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से 3-3, डीडीपीओ, जिला शिक्षा अधिकारी व जिला राजस्व विभाग से संबंधित 2-2 शिकायतें तथा नगराधीश, बीडीपीओ, सीईओ जिला परिषद, सीएमओ, एएलसी, डीएम हैफेड, चुनाव तहसीलदार, जीएम रोडवेज, एचकेआरएन इम्पलॉयमेंट, एचपीसीबी, एसडीएम महम व सांपला तथा तहसीलदार कलानौर से संबंधित एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। उपायुक्त अजय कुमार ने सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समस्याओं के समाधान के बारे में दिशा-निर्देश दिए।

■ समाधान शिविर में पुलिस विभाग की 7 शिकायतें, जन स्वास्थ्य विभाग की 4 आईं

### अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाए : डीसी

जसबीर कॉलोनी के निवासियों ने उपायुक्त के समक्ष रिहायशी इलाके में ध्वनि में अन्य प्रदूषण फैलाने वाली अवैध फैक्ट्रियों को बंद करने बारे आवेदन दिया। उनकी इस समस्या की सुनवाई करते हुए हरियाणा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को तीन के अंदर मौके का दौरा करके इस समस्या के निपटान संबंधित अपनी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित बारे निर्देश दिए। कब्जा हटवाने बारे शिकायतों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित उपमंडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांव में चकबंदी का कार्य पूरा हो चुका है, उन सभी गांव में यदि कोई अवैध कब्जे की शिकायतें आ रही है तो वहां से अवैध कब्जा हटाने बारे कार्यवाही की जाए।

### पेयजल की शिकायत

गांव गढ़ी-बोहर अनिल, सतबीर, ओमपति सहित अन्य नागरिकों ने अपने क्षेत्र में टूटे उबड़-खाबड़ रास्ते व सीवर लाइन समस्या के साथ-साथ दूषित पेयजल सप्लाई की शिकायत की। उनकी समस्या सुनने के उपरांत मौके पर उपस्थित पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन को समस्या का निपटान करने के निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, डीआरओ कनब लाकड़ा व डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



### नई अध्यापन तकनीक व रणनीति पर कार्यशाला

**रोहतक।** दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में नई अध्यापन तकनीक व रणनीति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की विशेषज्ञ ईरा सहगल ने अपने 44 वर्षों के अध्यापन से प्राप्त अनुभव व शोध को अध्यापकों के साथ सांझा किया। उन्होंने अध्यापन को रुचिकर बनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने ईरा सहगल का आभार व्यक्त किया।



### खेल भावना से खेलने के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** केंद्रीय विद्यालय में 28 जून से 30 जून तक संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अंडर 17 और अंडर-14 की गुरुग्राम संभाग के आठ दलों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता का आरंभ प्राचार्य परमजीत कौर ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने व खेलों के जीवन में महत्व के बारे में बताया। गुरुग्राम संभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### एमडीयू की दिव्या व अंकित को मिली नौकरी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) ने हाल ही में कोरिज़ो के सहयोग से एक सफल वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। ऑनलाइन कार्यक्रम में कुल 57 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें दिव्या वर्मा और अंकित शर्मा को 4,00,000 रुपये प्रति वर्ष के प्रतिस्पर्धी पैकेज के साथ बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद के लिए चुना गया। इस अभियान का उद्घाटन कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने किया, और उप निदेशक डॉ. अमन वशिष्ठ और सौरभ कांत के साथ-साथ अन्य सीसीपीसी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। कोरिज़ो, एडु-टेक उद्योग के क्षेत्र में एक गतिशील और अभिनव कंपनी है। कोरिज़ो एक एडटेक प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को इंटर्नशिप, पेशेवर प्रशिक्षण कार्यक्रम, करियर मार्गदर्शन करता है।

# जून में डेढ लाख घरों को जांचा, 619 में मिला लार्वा, 589 को नोटिस भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उप सिविल सर्जन डॉ. राजवीर सभरवाल, डॉ. सत्यवान, डॉ. मंजू मेहरा, नोडल ऑफिसर डॉ. कपिल गुप्ता के निर्देशन में अर्बन एरिया के एमपीएचएस (मेल) और एमपीएचडब्ल्यू (मेल) की बैठक हुई। डॉ. सत्यवान ने कहा कि मानसून का सीजन आरंभ हो रहा है, जिसे देखते हुए डीबीसी (डोमस्टिक ब्रीडिंग चेकर) के साथ मिलकर घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें। सभी सरकारी कार्यालय में जाकर बताएं कि प्रत्येक शुक्रवार को कार्यालय में कूलरों के पानी को निकाल कर कपड़े से सुखाएं।

इसके साथ-साथ आमजन के साथ मीटिंग कर जागरूक करें कि अगर आपके आसपास कोई भी बुखार का मरीज मिलता है तो वह उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जो भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र साथ है वहां जाकर अपनी ब्लड स्लाइड बनवाए ताकि समय रहते बुखार का पता लगे कि कहीं मलेरिया नहीं है। अगर मलेरिया है तो उसकी आरटी (रेडिकल ट्रीटमेंट) देना सुनिश्चित करेंगे ताकि आसपास के लोगों को बुखार से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राइवेट लैब में जाकर जहां भी डेंगू टेस्ट



किया जा रहा है उन्हें बताएं कि वह डेंगू एनएस 1 एलिजा टेस्ट के 600 रूपये लें। जैसे ही स्कूल खुलते हैं वहां जाकर बच्चों को भी जागरूक करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जैसे जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया गया है वैसे ही जुलाई माह को डेंगू माह के रूप में मनाया जाएगा। अभी तक मलेरिया माह में अर्बन एरिया में 1,51,928 घरों को चेक किया, जिसमें 619 घरो में लार्वा पाया गया, 589 घरों को नोटिस जारी किए गए। अभी तक जिले में एक डेंगू का केस दर्ज किया गया है। उप सिविल सर्जन डॉ. राजवीर सभरवाल ने कहा कि डोर टू डोर सर्वे करने के दौरान लोगों को एनीमिया मुक्त भारत के बारे में भी जागरूक करें। इस अवसर पर सुपरवाईजर नरेंद्र नरवाल, बसंत शर्मा, अनिल सांगवान, राजेश नरवाल, विजय हुड्डा, रोहतास, नरेश जांगडा, सुमित कुमार, निर्मल फोगाट, वीरेंदर नरवाल, भूपेन्द्र कुंडू, अनिश राणा, मनीष राणा आदि मौजूद रहे।

## रात को भी मैदान में उतरे सफाई कर्मी, डीसी के 30 जून तक काम पूरा करने के निर्देश




**रोहतक।** नगर निगम ने रात को भी नालों की सफाई करने के लिए अभियान चलवाया। इस दौरान कई कॉलोनियों और गांवों में नालों की सफाई करने के साथ मिट्टी निकाली गई। टीम को 30 जून तक इस अभियान को पूरा करना है। संयुक्त आयुक्त विजय सिंह कार्य की निगरानी कर रहे हैं। हाल ही में मुख्य सचिव ने भी वीसी से डीसी के साथ मीटिंग कर बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की थी। साथ ही नालों और ड्रेन की सफाई जल्द पूरी करवाने के आदेश दिए थे। इसके बाद डीसी ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। शुक्रवार को निगम की अलग अलग टीमों ने रेडियो स्टेशन, अस्थल बोहर, दिल्ली रोड, ताऊ नगर, ओल्ड बस स्टैंड, कैनाल रेस्ट हाउस से छोटूराम चौक, झज्जर चुंगी से रुपया चौक, वार्ड छह और वार्ड 17 में नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया। कर्मचारियों ने कई एरिया में रात को भी जेसीबी मशीन की मदद से नालों की सफाई करवाई। संयुक्त आयुक्त विजय सिंह का कहना है कि नालों की सफाई के कार्य के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

# एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन के 66वें जन्मदिन पर लगाया भंडारा



रोहतक। भंडारे की गाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए समृद्धि जैन, स्वास्तिका जैन, महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर परमानंद, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, कालीदास महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सती भाई साईदास सेवादल द्वारा सिविल रोड स्थित महावीर लाइब्रेरी के बाहर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन के 66वें जन्मदिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा महंत स्वामी राम सुख दास महाराज के आर्शीवाद से लगाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर परमानंद, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, सांपला से कालीदास महाराज, बाबा सुखा शाह, राजेश जैन की पुत्र वधू समृद्धि जैन, पोती स्वास्तिका जैन, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, नरेश आनंद ने भंडारे की गाड़ी को झंडी दिखाकर पीजीआई कैंसर वार्ड के सामने रवाना किया। राजेश जैन द्वारा संस्था को एक ई-रिक्शा भी भेंट की गई व कलानौर आश्रम के लिए भंडारा रवाना किया। इस अवसर पर अशोक बत्तरा, राकेश सिक्का, सुरेन्द्र भुटानी, नवीन हुडिया, गुलशन खुराना, सतीश दुआ, प्रवीन मक्कड़, शिवराज मलिक, मोहन मलिक, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, धीरज चावला, राजकुमार आनंद, राजकुमार सपड़ा, सुधीर आनंद, कंवर शाह मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुमेरा पुत्र जगन्न निवासी अजायब तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कुलदीप व मेरी पुत्रवधु कविता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, बिमला पत्नी स्व. श्री देवेन्द्र निवासी गांव लाखन माजरा जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुमित व उसकी धर्मपत्नी अंकिता उर्फ अंतिम मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री पाले राम निवासी ग्राम करौंथा तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विदुर और मेरी पुत्रवधु मनीषा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NOTICE**

I, Rajbir Singh S/o Sh. Risal Singh R/o Village Jhanj Kalan, Distt. Jind, Haryana declare that I have lost my arm licence no. 33/ DMK/ JS/ AL/ Arms valid up to 04.03.2023 weapon no. 0.32 pistol RP 222036. Some where at Basant Vihar Rohtak on



## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही क्षमता संवर्धन कार्यशाला के तीसरे दिन सार्थक चर्चाओं और सहभागिता के उद्देश्य से नवीन शिक्षण तकनीक, कक्षा प्रबंधन, टीमवर्क व रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए समूह गतिविधियां करवाई गई। डीएवी कॉलेज प्रबन्धकर्तृ समिति, नई दिल्ली के निदेशक वीके चोपड़ा ने कहा कि यह कार्यशाला हमारी शैक्षणिक उत्कृष्टता व समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा क्षेत्र वीके मित्तल ने छात्रों के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदलते परिदृश्य और वर्तमान के गतिशील शैक्षणिक वातावरण में एक शिक्षक की भूमिका पारंपरिक शिक्षण से परे एक मार्गदर्शक व सलाहकार के रूप में दिखाई देती है।सुनीता बहल सहायक क्षेत्रीय अधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को शुभकामनाएं दी।

# पुलिस अधिकारी, ईडी या सीबीआई से बताने वालो से रहें सावधान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

यदि कोई व्यक्ति पुलिस अधिकारी, ईडी या सीबीआई अधिकारी बनकर ऑनलाइन माध्यम से रुपयों की मांग करता है तो सावधान हो जाए क्योंकि ऐसा करने पर आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। यह बात एसपी हिमांशु गर्ग ने कही। उन्होंने बताया कि कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से रुपयों की मांग नहीं करता और यदि कोई ऐसा कर रहा है तो निश्चित तौर पर वह साइबर अपराधी है जो आपको साइबर फ्रॉड का शिकार बनाना चाहता है।

एसपी ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा अलग-अलग प्रकार के तरीके अपनाते हुए लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसे में जरुरी है कि आमजन सावधान रहे और अनजान व्यक्ति की बातों में आकर



■ अनजान से खाता संबंधी निजी जानकारी व ओटीपी न करें सांझा

रुपयों की ट्रांसफर ना करें। यदि आमजन साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो तुरंत हैल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें ताकि साइबर फ्रॉड की राशि को तुरंत फ्रीज किया जा सके। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा पीड़ित के पास फोन कर डराया धमकाया जाता है व फोन कॉल को सीबीआई अधिकारी को ट्रांसफर करने की बात कही जाती है। साइबर ठग सीबीआई अधिकारी बनकर फर्जी अरैस्ट वारंट जारी कर पीड़ित को डराते व धमकाते हैं। पीड़ित युवक फर्जी अरेस्ट वारंट देखकर घबरा जाता है व उनके कहे अनुसार खाते में रुपये ट्रांसफर कर साइबर ठगी का शिकार हो जाता है। एसपी ने बताया कि साइबर ठग एयरपोर्ट या अन्य जगह का नाम लेकर पीड़ित के पास फोन कर उसके नाम पर पार्सल बुक बताकर नशीला पदार्थ बताकर डराते हैं। पार्सल में कपडे, लैपटॉप, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट व ड्रग्स आदि बताते हैं जो किसी भी कोरियर सर्विस का नाम लेकर किसी भी विदेश में भेजने की बात करते हैं।

### शिकायत करें

साइबर ठग फोन पर बार-बार किसी पुलिस अधिकारी की या साइबर पुलिस की फर्जी आईडी भेजकर गिरफ्तार करने की धमकी देकर डराते है और पैसे हड़प लेते हैं। किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो घबराए नहीं तुरंत इसकी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर दर्ज करें।

## 52 लोगों ने किया रक्तदान



**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर महंत बाबा प्रेम दास महाराज के आशीर्वाद से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर एवं भंडारा एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया गया। मुख्य अतिथि राजेश जैन की पुत्रवधू समृद्धि जैन रही। समृद्धि जैन ने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, रक्तदान करने से शरीर की अनेक बीमारियां खत्म होती हैं, शरीर स्वस्थ रहता है। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 52 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, राजीव जैन, सन्नी निझावन, डाक्टर निर्मल, पंकज कपूर, अनुज चावला, राजेंद्र, श्वेता गिरधर, डाक्टर तिलक भूटानी, अशोक कत्याल, बलदेव मिड्डा, अमित मक्कड़, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कृषि वैज्ञानिक युवाओं को खेती से जोड़ें : डॉ. बलवान सिंह

■ कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिकों ने खेती में तकनीकी पर किया मंथन, प्रस्तुत की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 27 वीं बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह चरण कृषि विश्वविद्यालय हिसार के निदेशक विस्तार शिक्षा एवं रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल शामिल हुए।

इन्होंने मीटिंग में कृषि वैज्ञानिकों को कहा कि वे युवाओं को खेती से जोड़ने के लिए कार्य करें। डॉ. मंडल ने कहा कि युवा पुरुष और महिलाएं कई तरह से कृषि-खाद्य प्रणाली में लगे हुए हैं। औपचारिक और अनौपचारिक मजदूर कार्य, अवैतनिक पारिवारिक श्रम, स्वरोजगार और सहकारी सदस्यता एक माध्यम है। जितने युवाओं को खेती कार्य में लगना चाहिए, उतने इससे नहीं जुड़ पा रहे हैं। ऐसे में हमारी कृषि वैज्ञानिकों का दायित्व है कि वे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेती कार्यों से जोड़े। डॉ. बलवान सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान केवल खेती ही ग्रोथ कर रही थी। जबकि बाकि के सारे सेक्टर खत्म हो गए थे। ऐसे में कहा जा



सकता है कि खेती में काफी संभावनाएं है। ध्यान रहे कि मीटिंग में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज को शामिल होना था। लेकिन किसी प्रशासनिक कारण की वजह से कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। रजिस्ट्रार डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि युवा विभिन्न स्रोतों से मिश्रित आजीविका कमाते हैं। खेत पर, खेत से बाहर और गैर-खेत और स्वरोजगार और प्रवास विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जबकि इस बात पर कुछ बहस है कि युवा कृषि के प्रति आकर्षित नहीं हैं और इस क्षेत्र को छोड़ रहे हैं, सबूत एक सूक्ष्म तस्वीर पेश करते हैं। ऐसा रजिस्ट्रार ने बताया। डॉ. सिंह ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण खेती या पशुधन उत्पादन पर निर्भर युवाओं की कुल संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। कई देशों में प्राथमिक डेटा पुष्टि करता है कि युवा कम मजदूरी, कम मूल्य वाले उत्पादन के प्रति आकर्षित नहीं होते हैं। बल्कि वे ज्यादा मुनाफा देने वाला काम करना चाहते हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन के चलते कृषि पर सबसे अधिक असर पड़ा है। बढ़ता तापमान उपज में कमी का प्रमुख कारण है।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**

**REQUIRES**

- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


Elenta Mart
MOVIE
DHAMAKA
OFFER
29 JUNE - 05 JULY 2024
On Shopping Of ₹1999 & Above
100 G DIAMOND CHIPS FREE
न्यूनतम 6% MRP से कम सभी दिन
1 FREE MOVIE TICKET
WITH A PURCHASE OF RS. 3999 OR ABOVE.
SCAN TO DOWNLOAD
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
DOWNLOAD ELENTA MART APP AND ORDER NOW
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR
OUR PRICE ₹79
B NATURAL JUICE 1LTR
BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE
OUR PRICE ₹149
HAMDARD ROOHAFZA
HAMDARD SUGAR FREE ROOHAFZA
BUY 1 GET 1 FREE
25% OFF SELECTED VARIANTS
REAL FRUIT POWER
OUR PRICE ₹499
GOPAL JI THANDAI 1KG
HITKARY SHARBAT ROSE 700 ML
20% OFF
Vadilal
20% TO 56% OFF ON MRP
OUR PRICE ₹155
HERSHEY'S SYRUP 623 g
YU 100% COCONUT WATER
BUY 1 GET 1 FREE
AMERICAN BASIL DRINK
BUY 1 GET 1 FREE
OUR PRICE ₹95 ₹125
RED BULL
FRESCA 1LTR
BUY 1 GET 3 FREE
GOWARDHAN GULAB JAMUN, RASGULLA 500G
BUY 1 GET 1 FREE
MRP- 580 MRP- 480 MRP- 360
PRICE ₹359 PREMIUM
20% OFF YELLOW
PRICE ₹285 ELAICHI CHAI
MARVEL TEA PREMIUM/YELLOW/ ELAICHI FLAVOUR 1KG
OUR PRICE ₹185
TATA TEA PREMIUM 500g
FORTUNE SOYA OIL 1 LTR. ₹140
OUR PRICE ₹121
PRABHAS GHEE 1 LTR
FREE!
BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹170
OUR PRICE ₹135
VITA GHEE 1LTR MRP ₹660
OUR PRICE ₹559
ANANDA GHEE 900ML + BUNDI FREE
OUR PRICE ₹499
MAHAKOSH OIL 1LTR ₹130
OUR PRICE ₹105
ORION CHOCO PIE 20 PCS
BUY 1 GET 1 FREE
PARLE BISCUIT SELECTED VARIENTS
BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE FEAST ROZANA 5 KG MRP ₹605
OUR PRICE ₹475
SUNDROP OATS 1KG
BUY 1 GET 1 FREE
BORGES PASTA
BUY 1 GET 3 FREE
CHUKDE POWDER MASALE
SELECTED VARIANTS
UPTO 50% OFF
VEEBA, DEL MONTE, CREMICA, TOPS TOMATO KETHUP
BUY 1 GET 1 FREE
MARS,BOUNTY, BOURNVILLE RUM & RAISIN CHOCOLATE
BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA 160ML * 24 BOTTLES
OUR PRICE ₹182
DIAMOND CHIPS 100G
SPECIAL OFFER
BUY 1 GET 1 FREE
Aashirvaad atta 10kg ₹459
OUR PRICE ₹405
Fortune atta 10kg ₹445
OUR PRICE ₹365
AMUL BUTTER 500GM MRP ₹285
OUR PRICE ₹265
MUSCLE BLAZE
40% OFF ON MRP
Everest / MDH - MASALE
20% OFF ON MRP
Cadbury
BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE
20% OFF ON MRP
FREE
BUY 1 GET 3
BUY 1 GET 2
YOGA BAR MUESLI
TRESEMME, DOVE, SUNSILK 1 LTR
BUY 1 GET 1 FREE
DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML
BUY 1 GET 1 FREE
BABY HUG adv.
@499 ABOVE
40% OFF ON MRP
HIMALYA BABY RANGE
SELECTED VARIANTS
50% OFF ON MRP
mamaearth
SELECTED VARIANTS
FLAT 30% OFF
LOTUS
30% OFF ON MRP
VLCC
SELECTED VARIANTS +20% OFF ON MRP
BUY 1 GET 1 FREE
STAYFREE SANITARY PADS
MRP 190RS
MRP 350 RS
BUY 2 GET 1 FREE
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
MOONG CHILKA
OUR PRICE ₹115
MOONG DHULI 1KG
OUR PRICE ₹125
MOGRA RICE / CHAWAL
OUR PRICE ₹62
MALKA LAL DAAL 1KG
OUR PRICE ₹89
BADAM 1KG
OUR PRICE ₹720
KISMISH 1KG
OUR PRICE ₹269
WALNUTS /AKHROT
OUR PRICE ₹249
GAIA PRODUCTS
SELECTED VARIANT
BUY 1 GET 1 FREE
Ariel, Tide LIQUID
BUY2 GET 1 FREE
BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid
BUY1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC LIQUID TOP/ FRONT LOAD 4Ltr
BUY2 GET 1 FREE
SANI FRESH TOILET CLEANER
BUY1 GET 1 FREE
MRP-₹205
OXYZEN DISHWASH
OUR PRICE ₹69
• MUMMY & DADDY BABY WIPES
• DIOS FACIAL WIPES
BUY 1 GET 2 FREE
UNDER GARMENTS SALE
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
LUX cozi DISCOUNT 30%
Dollar DISCOUNT 30%
DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
LIFE BOY / DETTOL HAND WASH 675ML
BUY1 GET 1 FREE
2LTR MRP ₹499
PRIL LEQUID DISH WASH
OUR PRICE ₹299
3KG MRP ₹390
SURF EXCEL EASY WASH
OUR PRICE ₹309
MRP ₹320
FENA 5KG
OUR PRICE ₹265
MRP ₹659
TIDE 5 KG
OUR PRICE ₹499
MILTON
upto 50% OFF ON MRP
Elenta Tower, Adjacent to D2M Hotel, Near New Bus Stand, Rohtak.
+91-8199999480
Rohtak Location
PLEASE BRING YOUR OWN CARRY BAG !
कृपया थैला साथ लेकर आएं।
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
OPEN 7 DAYS A WEEK | 7AM TO 10PM
. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.